
# नव भारत

विश्व योग दिवस

आज फादर्स-डे



# नीट री-एग्जाम की अग्निपरीक्षा आज

### यह रहेगी व्यवस्था

- 22.79 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी मैदान में
- 674 सिटी कोऑर्डिनेटर
- 2 लाख कर्मी की तैनाती, सीसीटीवी से होगी निगरानी
- 6,669 ऑब्जर्वर तैनात
- 551 शहरों और 14 विदेशी केंद्रों पर परीक्षा आयोजन
- एनटीएने अफवाहों पर सख्ती बढ़ाई
- साइबर एजेंसियां सक्रिय
- आधार बायोमेट्रिक से लेकर विदेशी सेंटर तक चर्चा

**नई दिल्ली, 20 जून.** देशभर में 21 जून को नीट-यूजी 2026 की री-एग्जाम का आयोजन कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच किया जाएगा. इस परीक्षा में 22.79 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिससे यह देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं में से एक बन जाती है.

परीक्षा का आयोजन दोपहर 2 बजे से 5: 15 बजे तक निर्धारित है, जबकि पीडब्लूडी औरपीडब्लूबीडी उम्मीदवारों को अतिरिक्त समय देते हुए परीक्षा शाम 6: 20 बजे तक चलेगी. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसीके अनुसार, इस बार परीक्षा का आयोजन 551 भारतीय शहरों और 14 विदेशी केंद्रों पर किया जाएगा. पूरे परीक्षा नेटवर्क को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 674 सिटी कोऑर्डिनेटर, 6,669 एग्जाम ऑब्जर्वर और 2 लाख से अधिक कर्मियों की तैनाती की गई है. सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोका जा सके. वहीं, नीट -यूजी री-एग्जाम से पहले एनटीए शनिवार को देशभर में मॉक ड्रिल किया है.

### अफवाहों से दूर रहें

एनटीए ने अभ्यर्थियों से केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की अपील की है. साथ ही छात्रों को मानसिक तनाव से बचाने के लिए टेले-एमएएनएस हेल्पलाइन (14416) की सलाह दी गई है. विभिन्न राज्यों में परीक्षा को लेकर विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं. दिल्ली में

# परभणी मंदिर हादसे में 5 श्रद्धालुओं की मौत

**मुंबई. 20 जून.** महाराष्ट्र के परभणी जिले में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया. जिले के यशवाड़ी गांव स्थित हनुमान मंदिर के सभा मंडप की छत अचानक गिर गई, जिससे वहां मौजूद श्रद्धालुओं में भगदड़ और अफरा-तफरी मच गई.

इस हादसे में अब तक 5 श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई अन्य लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है. पुलिस, प्रशासन और स्थानीय राहत दल मौके पर पहुंचकर लगातार बचाव कार्य में जुटे हैं. शनिवार

**▸ मंदिर की सभा मंडप की छत भरभराकर गिरी**

होने के कारण मंदिर में कीर्तन और महाप्रसाद का आयोजन था, जिसकी वजह से सामान्य दिनों की तुलना में अधिक संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे.






## एक नजर में



### विवेक अग्रवाल बने टास्क फोर्स के उपाध्यक्ष

**नई दिल्ली.** भारत सरकार के सचिव विवेक अग्रवाल को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स का उपाध्यक्ष चुना गया है. एफएटीएफ दुनिया भर में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद की फंडिंग पर निगरानी रखने वाली प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्था है. यह संस्था वैश्विक वित्तीय प्रणाली में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियम और मानक तय करती है. 1994 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक अग्रवाल वर्तमान में संस्कृति मंत्रालय में सचिव के पद पर कार्यरत हैं.

### पाक में दो धमाकों से सात लोगों की मौत

**कराची.** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में शनिवार को सड़क किनारे हुए दो विस्फोटों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये. एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में यह धमाका हुआ, जिसकी सीमा अफगानिस्तान के पास अशांत उत्तरी वजीरिस्तान आदिवासी क्षेत्र से लगती है. जिला पुलिस प्रमुख यासिर अफरीदी ने पत्रकारों को बताया कि विस्फोटक सड़क किनारे लगाये गये थे. पहले विस्फोट की चपेट में एक यात्री वैन आ गयी, जिससे पांच लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये. दूसरा विस्फोट तब हुआ, जब स्थानीय लोग शवों और घायलों को एम्बुलेंस से ले जा रहे थे. दूसरे विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी.

# 10 लाख लोगों संग योग करेंगे पीएम मोदी

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज कोलकाता बनेगा ऐतिहासिक आयोजन का केंद्र



**कोलकाता, 20 जून.** कोलकाता में आज आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है. इस बार आयोजन ऐतिहासिक होने जा रहा है, जिसमें करीब 10 लाख लोगों के सामूहिक योगाभ्यास में शामिल होने की संभावना जताई गई है. कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, जिनके साथ हजारों लोग एक साथ योग करेंगे.

आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा के अनुसार, कोलकाता पहली बार अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन की मेजबानी कर रहा है, और शहर में इसे लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं. मुख्य आयोजन स्थल पर लगभग 35 हजार प्रतिभागी मौजूद रहेंगे, जबकि पूरे शहर में अलग-अलग स्थानों पर लोग सामूहिक रूप से योग करेंगे. अब तक 7 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है, और यह संख्या 10 लाख तक पहुंचने की संभावना है. कार्यक्रम को और भव्य बनाने के लिए 20 जून को ड्रोन शो और कार्निवल का आयोजन किया जाएगा.

### 11 वर्षों में रचा गया विश्व स्तर पर इतिहास

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब केवल एक आयोजन नहीं बल्कि एक वैश्विक स्वास्थ्य और जीवनशैली आंदोलन बन चुका है, जिसे 190 से अधिक देशों में व्यापक भागीदारी के साथ मनाया जा रहा है. वर्ष 2015 में शुरू हुआ यह दिवस आज संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त सबसे बड़े जन-भागीदारी वाले आरोग्य अभियानों में शामिल हो गया है. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2014 में भारत के प्रस्ताव पर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था, जिसे 175 देशों का समर्थन मिला था. इसके बाद यह आयोजन तेजी से वैश्विक स्तर पर फैलता गया और आज यह एक विशाल अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य आंदोलन बन चुका है.

### खातों में पहुंची पीएम किसान निधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी की. इसके साथ ही देशभर के पात्र किसानों के बैंक खातों में सीधे वित्तीय सहायता राशि ट्रांसफर हो गई । इस किस्त के तहत पूरे देश में 18,880 करोड़ रुपए से अधिक की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में भेजी जाएगी.

# ईरान ने फिर बंद किया होर्मुज स्ट्रेट

**तेहरान, 20 जून.** मध्य-पूर्व में एक बार फिर तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है, जहां ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को फिर से बंद करने की घोषणा कर दी है। ईरान की जॉइंट मिलिट्री कमांड ने सरकारी टीवी पर बयान जारी करते हुए कहा कि यह कदम लेबनान में जारी इजराइली सैन्य कार्रवाई के जवाब में उठाया गया है। होर्मुज स्ट्रेट को दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक माना जाता है, और इसके बंद होने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है.

**▸ ट्रम्प-ईरान समझौते के बाद भी टूटी शांति**

**▸ ईरान-इजराइल संघर्ष से तेल आपूर्ति पर खतरा**

अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हुआ शांति समझौता भी पूरी तरह लागू नहीं हो सका. 17 जून की रात हुए इस समझौते में होर्मुज को खोलने और लेबनान में सैन्य कार्रवाई रोकने की शर्तें शामिल थीं. हालांकि, इसके बाद भी इजराइल की ओर से लेबनान में हमले जारी रहे. स्थिति तब और गंभीर हो गई जब 19 जून की रात इजराइल और लेबनान के बीच अस्थायी सीजफायर का ऐलान हुआ, जिसे ट्रम्प प्रशासन की मध्यस्थता का परिणाम बताया गया. लेकिन सीजफायर लागू होने के कुछ ही घंटों बाद दोनों पक्षों के बीच फिर से संघर्ष शुरू हो गया. अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइली ड्रोन और तोपखाने की कार्रवाई में कम से कम 16 लोगों की मौत हुई, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया.

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# जू. वकीलों के लिए विशेष फंड

**नई दिल्ली, 20 जून.** सुप्रीम कोर्ट ने देश में युवा और जूनियर वकीलों की आर्थिक चुनौतियों को लेकर एक महत्वपूर्ण और मानवीय पहल की है.

**▸ आर्थिक मदद के लिए 'प्रोफेशनल असिस्टेंस फंड'**

अदालत ने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण कई प्रतिभाशाली युवा वकील वकालत का पेशा छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं, जिसे रोकने के लिए एक व्यवस्थित सहायता ढांचा तैयार करना आवश्यक है. इसी दिशा में 'यंग लॉयर्स प्रोफेशनल असिस्टेंस फंड' बनाने का सुझाव दिया गया है. प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर विस्तृत जवाब मांगा है. यह मामला महिला वकीलों के एक समूह द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें युवा अधिवक्ताओं के शुरुआती संघर्ष, आर्थिक असुरक्षा और सुरक्षित कार्य वातावरण की कमी जैसे मुद्दे उठाए गए थे.

# जनरल सीट के लिए मर्डर

**नई दिल्ली, 20 जून. दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक दर्दनाक और चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां जनरल बोगी में सीट के लिए मर्डर कर दिया गया.**

**▸ योगा एक्सप्रेस में मारपीट**

**▸ पंकज की पीट-पीटकर मौत**

**▸ प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी**

योगा एक्सप्रेस में सवार होने के दौरान हुए झगड़े में पंकज धामा नामक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. वह बागपत के रहने वाले थे. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पंकज धामा और कुछ अन्य यात्रियों के बीच सीट को लेकर कहासुनी हुई, जो धीरे-धीरे गंभीर मारपीट में बदल गई. आरोप है कि कुछ लोगों ने पंकज पर लात-घूंसों से बेरहमी से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के समय प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर मौजूद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई. घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. इस घटना ने स्टेशन पर मौजूद लोगों को झकझोर कर रख दिया.

### विशेष | वरिष्ठों की अगुवाई में युवाओं व महिलाओं को मिलेगा विशेष मौका

# नितिन नवीन की नई टीम की घोषणा जल्द

(प्रवेश कुमार मिश्र)

**नई दिल्ली, 20 जून. भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की नई संगठनात्मक टीम की घोषणा इस माह के अंत के पहले हो जाएगी. सूत्रों की माने तो यह जंबो टीम होगी जिसमें 50 वर्ष से कम उम्र के युवा नेताओं को विशेष महत्व दिया जाएगा.**

इतना ही नहीं विभिन्न चुनावी प्रदेशों व क्षेत्रफल के दृष्टि से बड़े सूबे को अपेक्षाकृत ज्यादा महत्व दिए जाने के साथ कुल संख्या के लगभग चौथाई हिस्सा वरिष्ठ व अनुभवी नेताओं को तथा 33 फीसदी महिला नेताओं को टीम में शामिल कर दूरगामी राजनीतिक संदेश देने का प्रयास किया जाएगा.



सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष नेताओं के साथ चली मैराथन बैठक में नई टीम का खाका पूरी तरह तैयार कर लिया गया है. चर्चा है कि पार्टी इस बार कई मंत्रियों या सरकार में बैठे लोगों को संगठन में लाने और कुछ समर्पित सांगठनिक चेहरों को मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए या राज्यपाल जैसे संवैधानिक पदों पर भेजने की तैयारी में भी है. सबसे कम उम्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ नेताओं के साथ समन्वय बैठाकर चलने के लिए पहले ही संघ के वरिष्ठ स्वंयसेवी नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी को नितिन नवीन के टीम में रखा जा चुका है. ऐसे में कई वरिष्ठ नेता जो नए अध्यक्ष के साथ काम करने में असहज महसूस कर रहे थे उन्हें त्रिपाठी, संगठन महामंत्री बीएल संतोष व संघ के अरूण कुमार की मौजूदगी में कार्य करना आसान होगा.

(शेष पृष्ठ12 पर...)




पतंजलि® PATANJALI®



अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

योग आह्वान

मूलतः हम सब भारतवासियों के पूर्वज योगी थे। काल के प्रवाह में भले ही अब भिन्न पंथों, जाति, वर्ग, समुदायों के रूप में दिख रहे हों। अतः अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञ रहें तथा कृतघ्नता के पाप से बचें। सामूहिक रूप से योग करें एवं 10-20-50-100 लोगों को करायें एवं फोटो, रील आदि सोशल मीडिया पर शेयर करें। हर गांव, शहर, गली-मोहल्ला में योग के छोटे-छोटे कार्यक्रम करें ।

योग, आयुर्वेद व स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प करें व करवायें।

विरोध- योग, आयुर्वेद, स्वदेशी व सनातन संस्कृति का षड्यंत्र पूर्वक भयंकर विरोध व विध्वंस करने में बहुत-सी आसुरी शक्तियां लगी हैं। राष्ट्रवादी सच्ची सनातनी आत्माओं को पूरी ताकत के साथ इस देवासुर संग्राम, धर्मयुद्ध में पतंजलि व पूजनीय स्वामी रामदेव जी का 100% साथ देना चाहिए। यतो धर्म : ततो जय :, सत्यमेव जयते।

लूट- ऑक्सफैम इंटरनेशनल से लेकर किसी भी AI (ए.आई.) टूल से सर्च करेंगे, तो पाएंगे कि मात्र विगत् 200-250 सालों में 100 ट्रिलियन से अधिक तो विदेशी कम्पनियों ने देश की आर्थिक लूट की है। महान भारत देश को एम.एन.सी. की आर्थिक गुलामी, मैकाले की शिक्षा की गुलामी, वैचारिक व सांस्कृतिक गुलामी में देश को धकेल कर पतन की पराकाष्ठा में पहुंचा दिया। 500-1000 साल पहले के स्वर्णिम काल की गौरवशाली स्मृति के साथ एक महान विकसित भारत बनाने के लिए हम सब संकल्पित होकर अखंड, प्रचंड पुरुषार्थ करें ताकि भारत की विरोधी शक्तियों को परास्त कर सकें और अपने पूर्वज ऋषि-ऋषिकाओं व शहीदों के सपनों का भारत बनायें।

पतंजलि का योगदान- पूजनीय योगऋषि स्वामी रामदेव जी व पूजनीय आचार्य श्री बालकृष्ण जी व पतंजलि के पुरुषार्थ से आज पूरे विश्व में योग-आयुर्वेद, स्वदेशी व सनातन संस्कृति का समग्र गौरव सम्पूर्ण विश्व में पहुंचा है। हरिद्वार से लेकर देश व दुनिया तक, इस महान सेवा में लाखों करोड़ों की चैरिटी पतंजलि ने की है। लगभग 10 हजार रिसर्च प्रोटोकॉल फॉलो करके 500+ रिसर्च पेपर इंटरनेशनल जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं। पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्वविद्यालय, भारतीय शिक्षा बोर्ड (BSB), पतंजलि कैरियर एकेडमी, पतंजलि सिविल सर्विसेस एकेडमी (PCSA), पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम्, पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन, गौशाला, पतंजलि के राष्ट्रव्यापी संगठन में करोड़ों कार्यकर्ताओं की निष्काम सेवा व तप से आज एक कालजयी ऐतिहासिक सेवा चल रही है। सैकड़ों संन्यासियों का तप, लाखों कर्मयोगी भाई-बहनों की निष्काम सेवा एवं आप सभी करोड़ों देशवासियों का आशीर्वाद ही हमारा एकमात्र सम्बल है और हमारा संकल्प है कि हम अन्तिम श्वास तक भारत माता व मानवता की सेवा में अपना सर्वस्व आहूत करते रहेंगे।

पतंजलि से जुड़कर हमारी सेवाओं का लाभ उठायें। योगत्व, रामत्व, कृष्णत्व तथा शिवत्व आदि को अपने स्वभाव व आचरण में अपनायें। क्योंकि सनातन धर्म हमारे आचरण का विषय है, मात्र प्रवचन का नहीं।

प्रतिदिन आस्था चैनल व इंडिया टीवी या यूट्यूब आदि से जुड़कर योग अवश्य करें।

आस्था LIVE प्रतिदिन सुबह 5:00 से 7:30 और रात 8:00 बजे | संस्कार रोज रात 9:00 बजे | INDIA TV रोज सुबह 8:00 बजे | YouTube Swami Ramdev | Acharya Bal Krishna

पतंजलि के हेल्दी प्रोडक्ट्स ख़रीदनें व रिसर्च एवं एविडेंस-बेस्ड मेडिसिन से रोगों को जड़ से मिटाने के लिए गूगल पर Patanjali Store Near Me (पतंजलि स्टोर नियर मी) सर्च करें। पतंजलि के सभी स्वदेशी प्रोडक्ट्स जैसे- गाय का घी, दन्त कान्ति, हनी, केश कान्ति, शर्बत, जूस आदि देश के सभी प्रमुख स्टोर्स पर उपलब्ध हैं। जहाँ उपलब्ध नहीं है वहाँ आप दुकानदार से पतंजलि के प्रोडक्ट्स रखने के लिए निवेदन करें।

पतंजलि की सभी प्रमुख संस्थानों की वेबसाइट पर जाकर अधिक जानकारी प्राप्त करें।

पतंजलि वेलनेस में आकर आरोग्य का लाभ प्राप्त करें, रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क करें- 8954-666-111

भारतीय शिक्षा बोर्ड व पतंजलि सिविल सर्विसेस एकेडमी हेतु सम्पर्क करें- 8954-555-999